卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 226 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦23 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

हादसे में स्कूल संचालक और दो बच्चों की मौत

खनन से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने स्कूटी को मारी टक्कर

हरिद्वार (उद संवाददाता)। रुड़की में मंगलवार को खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार स्कूल संचालक और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव टांडा भागमल निवासी 50 वर्षीय कृष्णकांत का गांव के ही पास ज्ञान गंगा नाम से स्कूल है। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह अपनी 5 वर्षीय बेटी श्रुति और गांव के ही सात वर्षीय जसवंत उर्फ जस्सी के साथ ही स्कूटी से स्कूल जा रहे थे। जैसे ही वह स्कूल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते देख आस-पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों ने कृष्णकांत और जसवंत को मृत घोषित कर दिया। साथ ही श्रुति को गंभीर हालत होने पर एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। बाद में श्रुति ने भी दम तोड़ दिया। परिजन व पुलिस अस्पताल (शेष पृष्ठ सात पर)

केदारनाथ धाम पहुंचे अभिनेता अक्षय कुमार

रूद्रप्रयाग (उद ब्यूरो)। सिने अभिनेता अक्षय कुमार मंगलवार को केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर के दर्शन कर बाबा केदार की पूजा अर्चना की। साथ ही केदारनाथ क्षेत्र का भ्रमण भी किया। अक्षय कुमार अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए इन दिनों देहरादून आए हुए हैं। मंगलवार को वे सहस्त्राधारा हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। केदारनाथ पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना की और क्षेत्र का भ्रमण कर प्रकृति को करीब से निहारा। बताया जा रहा है कि इसके बाद वे शूटिंग के लिए बुधवार से दो दिन के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

जी-20 सम्मेलन के लिए पहुंचे विदेशी मेहमान

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। नरेंद्रनगर में 24 व 25 मई को होने वाले जी 20 सम्मेलन के लिए विदेशी मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार सुबह चीन और इटली के 10 सदस्य देहरादून पहुंचे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मेहमानों को एडीएम रामजी शरण शर्मा रिसीव किया। वहीं, मेहमानों का सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व पारंपरिक रूप से तिलक व माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान छोलिया नृत्य की पारंपरिक वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुति दी रहे कलाकारों को देखकर मेहमान खुद को नहीं रोक पाए और महिलाओं के साथ ही पुरुष मेहमानों ने भी उत्तराखंड केगीत-संगीत पर कलाकारों संग सुंदर नृत्य किया। सभी मेहमान एयरपोर्ट पर हुई मेहमाननवाजी से काफी खुश एवं अभिभूत नजर आए। इसके बाद विदेशी मेहमानों का काफिला नरेंद्र नगर की ओर रवाना हो गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

ट्रायल के लिए दून पहुंची वंदे भारत ट्रेन

देहरादून (उद संवाददाता)। देहरादून रेलवे स्टेशन से दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन लिए तैयारियां लगभग पूरी हो गयी है। मंगलवार को ट्रायल के लिए वंदे भारत देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंची । ट्रेन के उद्घाटन के लिए देहरादून रेलवे स्टेशन को भव्य रूप से सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। दून से चलने वाली यह ट्रेन देश की 18वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। 25 मई को सुबह 11 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर दून रेलवे स्टेशन के दो प्लेटफॉर्म पर करीब 300 मीटर से अधिक का लंबा टेंट लगना है। जबकि स्टेशन पर रखे गमलों पर भी रंग-रोगन का काम तेजी से किया जा रहा है। सोमवार को डीआरएम मुरादाबाद मंडल अजय नंदन समेत रेलवे के कई अधिकारियों ने देहरादून स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद तमाम अधिकारी रुड़की रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के लिए रवाना हो गए। डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन कुछ दिनों से देहरादून में ही हैं। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि 25 से अधिक मजदूर टेंट लगाने का काम कर रहे हैं। जबकि कुछ गमलों व स्टेशन के आसपास रंग रोगन का कार्य कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से पति की मौत, पत्नी घायल

रूद्रपुर। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। हादसे में मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मूल रूप से केसरपुर तहसील मीरगंज बरेली निवासी 26 वर्षीय सूरज पुत्र जयपाल आवास विकास स्थित पंजाबी हांडी रेस्टोरेंट में काम करतर था। वह यहां रविन्द्र नगर में किराये का मकान लेकर रह रहा था। बीती रात वह पत्नी आश्का को लेकर डिबडिबा स्थित ससुराल जा रहा था। सोबती होटल के पास उसकी बाइक को लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां सूरज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी को घायल अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

नगदी समेत दो चोर पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने महिला के ड्यूटी पर जाने के पश्चात उसके बंद घर का ताला तोड़ हजारों की नगदी चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार (शेष पृष्ठ सात पर)

कंपनी का लाखों का माल लेकर ट्रक चालक फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक कम्पनी से लाखों रूपये कीमत का सामान लेकर गया ट्रक चालक माल सहित फरार हों गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राकेश कुमार पुत्र प्यार चन्द ने कहा है कि वह सिडकुल पन्तनगर में स्थित कम्पनी एपीजे इन्वेस्टमेंट प्रालि यूनिट 6 के प्रबन्धक पद पर तैनात है । कम्पनी के माल को लाने ले जाने के लिये परिहार लॉजिस्टिक से टाई अप किया गया है जो कि कम्पनी के लॉजिस्टिक डिपार्टमेन्ट का एक भाग है । 20 मई को लॉजिस्टिक डिपार्टमेन्ट के भाग परिहार लॉजिस्टिक के ड्राईवर उत्तम कुमार पुत्र भाई सिंह सागर निवासी रविन्द्र नगर, ट्रान्जिट कैम्प को माल ले जाने के लिये कहा जो कम्पनी से कच्चा माल तैयार करने के लिये कई बार लेकर गया था। उसने माल के समस्त कागजात, डिलवरी चालान एवं ई-वे बिल काटकर ड्राईवर उत्तम कुमार के सुपुर्द कर दिये तथा 1,83,415 रूपये कीमत (शेष पृष्ठ सात पर)

सरकारी जमीन से शीघ्र हटाया जाए अतिक्रमण : सीएम

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को दिये शत्रु सम्पत्तियों एवं जमीनों पर प्लाटिंग और बाहरी लोगों का सत्यापन करने के दिशा निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में राज्य की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के सबंध में बैठक लेते हुए उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के संबंध में शासन स्तर पर आज ही शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी शत्रु सम्पतियों का स्थलीय निरीक्षण करें और जिन शत्रु सम्पतियों को जिला प्रशासन द्वारा अधीन नहीं लिया गया है, उन्हें अधीन लिया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शत्रु सम्पतियों को जिला प्रशासन द्वारा अधीन लिया जा चुका है, उनमें क्या पब्लिक प्रोजक्ट बन सकते हैं, इसका प्रस्ताव भी शीघ्र शासन को भेजे जाएं। सभी जिलाधिकारी अपने जनपदों की अवशेष शत्रु सम्पतियों का जल्द चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को आदेश दिए कि बाहरी व्यक्तियों के साथ ही किरायेदारों का भी नियमित सत्यापन किया जाए, इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। अतिक्रमण हटाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और एक दूसरे का सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदों में जो नई प्लाटिंग हो रही हैं, उनमें नियमानुसार सभी कार्यवाही हो, यदि कहीं भी कोई शिकायत आ रही है, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी भूमि का अपना यूनिक नंबर होगा और सभी विभाग अपनी सरकारी संपत्ति का रजिस्टर मेंटेन करेंगे। इसकी डिजिटल इन्वेंटरी होगी। सरकारी भूमि की समय समय पर सेटेलाइट पिक्चर भी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं की कौशल विकास विभाग के माध्यम से तकनीकि प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। इसके लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था भी की जाए और इसके लिए जल्द शासनादेश निकाला जाए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ.एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री एच.सी. सेमवाल, श्री विनय शंकर पाण्डेय, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. श्री बंशीधर तिवारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम को लेकर हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव वन को किया तलब

नैनीताल(उद संवाददाता) उत्तराखंड हाईकोर्ट में आज मानव वन्य जीव संघर्ष के मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने सरकार के इस मामले को लेकर निष्क्रिय व्यवहार पर सख्त टिप्पणी की। खंडपीठ की अगुवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायाधीश अलोक वर्मा ने की। उन्होंने अपने हाल ही के आदेश में यह बात स्पष्ट की थी कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम करने के लिए दिए गए पूर्व दिशा निर्देशों पर सरकार ने कोई कार्यवाई नहीं की है। कोर्ट ने कार्रवाई के लिए अंतिम अवसर देते हुए सरकार को दो सप्ताह का समय दिया है। साथ ही प्रमुख सचिव वन आरके सुधांशु को हाईकोर्ट में तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून 2023 को होगी। देहरादून निवासी अनु पंत की ओर से जनहित याचिका दायर की गई थी। नवंबर 2022 में जब इस मामले की सुनवाई हुई थी तब हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव वन को दिशा निर्देश दिए थे कि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करें, जिनको जमीनी हकीकत और असल में धरातल पर काम करने का तजुर्बा हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंघल की ओर से दाखिल शपथपत्र में केवल कागजी कार्रवाई का उल्लेख था और धरातल पर स्थिति सुधारने के लिए किस तरीके से मानव वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सकता है, इसकी कोई रुपरेखा नहीं थी। दोबारा जब मामले की सुनवाई हुई तब सरकार की ओर से खुद ही हाईकोर्ट को यह बताया गया कि कोर्ट के पूर्व के इस आदेश की अनुपालना नहीं हुई है जिसमे समिति गठित करने के लिए कहा गया था। इसके लिए सरकार की ओर से और समय मांगा गया था। मामले में गंभीर टिपणी करते हुए कार्यवाई के लिए हाईकोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह का समय दिया था।

अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। प्रदेश भर में चलाये जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर यहां भी दिखने लगा है। सीओ टी0आर0 वर्मा, कोतवाल अरुण कुमार एवं तहसीलदार सुश्री मनीषा मारकाना के नेतृत्व में राजस्व विभाग टीम कानूनगो, राजस्व उपनिरीक्षक व लोनिवि सहायक अभियन्ता के0एस0 बिष्ट ने रानीखेत क्षेत्र में अवैध स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध संयुक्त रुप से अभियान चलाया। अतिक्रमण अभियान के दौरान गनियाद्योली बाजार में लोक निर्माण विभाग की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने पर करीब 20अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए स्थायी अस्थायी अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया। अन्य अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामील कराने की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके उपरांत टीम द्वारा पिलखोली बाजार क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण चिन्हीकरण की कार्यवाही सम्पादित करते हुए पैमाईश की गई तथा अवैध अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने हेतु सम्बन्धित विभाग लोनिवि द्वारा नोटिस तामील कराये गये। उक्त के अतिरिक्त संयुक्त टीम द्वारा वन क्षेत्राधिकारी तापष मिश्रा के साथ गनियाद्योली रेन्ज ऑफिस के नजदीक वन क्षेत्र में

अतिक्रमित कर बनायी गयी धार्मिक अवसंरचना के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

जाते जाते अमर हो गये बल्देव राज अरोरा

नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा व्यापारी संजीव अरोरा एवं अमित अरोरा के पिता समाजसेवी बलदेव राज अरोरा का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने उन्हें घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। बल्देव राज अरोरा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे उनका कई जगह उपचार कराया गया। मंगलवार प्रात: उनका निधन गया। निधन का समाचार मिलते ही ओमेक्स स्थित उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। तमाम राजनैतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। बता दें बलदेव राज अरोरा सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहते थे। उन्होंने मरोपणांत नेत्रदान करने का संकल्प भी लिया था। उनकी इच्छा अनुसार परिवार के लोगों ने नेत्रदान के लिए भारत विकास परिषद संस्था के

संजय ठुकराल से संपर्क किया। तत्पश्चात संस्था द्वारा सी एल गुप्ता आई बैंक से संपर्क किया गया और आई बैंक की टीम ने ओमेक्स पहुंचकर सफलता पूर्वक नेत्रदान लिया। अब दिवंगत बलदेव राज अरोरा की आंखों से किन्ही दो लोगों को रोशनी मिलेगी जाते जाते नेत्रदान कर वह अमर हो गए। दिवंगत बलदेव राज अरोरा का अंतिम संस्कार शाम 5 बजे किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम पर होना है। शोक व्यक्त करने वालों में संतलाल कालरा, रमेश कालरा, राजकुमार कालरा,जगदीश कालरा, अशोक कालरा, गुलशन अरोरा, राजू अरोरा, राजू हुडिया, अभिनव छाबड़ा, अभिषेक अग्रवाल , गुरप्रीत सिंह चिलाना, विजय भूषण गर्ग , ललित मोहन गोयल , आनंद सिंह नेगी , गौरव ग्रोवर , विशाल भुड्डी , राकेश चौहान, गुरविंदर सिंह, तरुण अरोरा, प्रितपाल सिंह, सोनू अरोरा, ध्रुव सिंघल, सोनू अग्रवाल, राजीव खन्ना ,गुरमीत वाही ,रितिक छाबड़ा ,दीपक सिंघल, विशाल खनिजो ,जितेंद्र साहनी , एवं तमाम लोग शामिल थे।

पोक्सो एक्ट का आरोपी युवक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोपी युवक को पुलिस ने यूपी के बरामपुर से गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। एक महिला ने अपनी नाबालिग बहिन के घर से बिना बताये कहीं चले जाने के सम्बन्ध में कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी। जिस पर कोतवाली अल्मोड़ा में तत्काल एफआईआर दर्ज की गयी। एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को बालिका की तलाश कर शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिए। जिस पर नाबालिग बालिका की तलाश बरामदगी हेतु तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी

पतारसी कर साईबर सेल अल्मोड़ा की सहायता से अथक प्रयासों से गुमशदा नाबालिग बालिका को पंकज कुमार पुत्र स्व. पनी राम निवासी तल्ला ओडखोला, अल्मोड़ा के साथ नई बस्ती तिराहा के पास जनपद बलरामपुर, उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। बालिका से दुष्कर्म करने पर अभियुक्त पंकज कुमार को गिरफ्तार कर पंजीकृत अभियोग में भादवि व पोक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल हिमांशु, इन्द्र कुमार आदि थे।

प्रदेश के ज्वलंत विषयों को उठाएगी सर्वदलीय समिति : माहरा

देहरादून(उद संवाददाता) । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के विरोध में कांग्रेस समेत विपक्षी दल एकजुट हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में सोमवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में करन माहरा ने कहा कि सरकार की ओर से नागरिकों के अधिकारों के हनन एवं संविधान के मूल्यों पर चोट के विरोध में समान विचारधारा वाले सभी धर्मनिरपेक्ष दल प्रदेश में एकजुट हो चुके हैं। हर महीने सर्वदलीय समिति प्रदेश के ज्वलंत विषयों को उठाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में केंद्र से लेकर प्रदेश में बेटियां न्याय के लिए भटक रही हैं। महिलाओं पर सरकारी जुल्म रुक नहीं रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वीपी सिंह की पोती न्याय के लिए देहरादून में दर-दर भटक रही हैं। वह मुख्यमंत्री के करीबी अधिकारी पर न्याय दिलाने में बाधक होने का आरोप लगा रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से इसका संज्ञान लेने को कहा। अन्य वक्ताओं ने आरोप लगाया कि धामी सरकार अतिक्रमण

हटाने के नाम पर प्रदेशभर में गरीब जनता को बेघर कर रही है। उसे लैंड जिहाद या मजार जिहाद का नाम देकर सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है। भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि प्रदेश में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को ताक पर रखकर व्यक्तियों को उजाड़ा जा रहा है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश नौडियाल ने कहा कि सरकार सख्त भू-कानून पर खामोश है। भाकपा नेशनल काउंसिल के सदस्य समर भंडारी ने शांतिप्रिय प्रदेश में डर, नफरत का वातावरण बनाया जा रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य समिति सदस्य लेखराज ने कहा कि भाजपा राज में पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर कानून बनाए जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कानून ताक पर रखकर बसे बसाए व्यक्तियों को उजाड़ा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा महरा दसौनी ने बताया कि सर्वदलीय समिति मंगलवार को महिला उत्पीडन के विरोध में गांधी पार्क में धरना देगी।

भीषण गरमी से जनजीवन बेहाल

देहरादून। उत्तराखंड में आसमान से आग बरसने लगी है। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में पारा चरम पर पहुंच गया है और झुलसाने वाली धूप बेहाल कर रही है। पहाड़ से लेकर मैदान तक गर्म हवा के थपेड़ों से जन-जीवन प्रभावित है। सोमवार को प्रदेश में रुड़की सबसे गर्म रहा, यहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस और देहरादून में भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। यह इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज भी ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने के साथ पारे में वृद्धि की आशंका है। जबकि, कहीं-कहीं आकाशीय बिजली चमकने और अंधड़ की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में बीते तीन सप्ताह से मौसम शुष्क बना हुआ है और पारे में लगातार इजाफा हो रहा है। बीते तीन दिन से भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में तापमान चरम पर पहुंच गया है। पहाड़ों में भी तपिश बढ़ गई है। हिल स्टेशन में चिलचिलाती धूप बेहाल कर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं। दून समेत आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहने से लेकर आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। पारे में वृद्धि की आशंका है। निचले इलाकों में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चलने की चेतावनी है, इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गुरुवार को 70 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी और आकाशीय बिजली चमकने को लेकर आरेंज अलर्ट है।

बैडमिंटन खेल में राज्य व देश का नाम रोशन करना चाहता है सक्षम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसपी ऑर्गनाइजेशन द्वारा मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर 13 वर्ग में बेहतर प्रदर्शन के लिए उदयीमान प्रतिभाशाली खिलाड़ी सक्षम कामरा सम्मानित होने से काफी उत्साहित है। सक्षम कामरा को प्रतियोगिता के प्रमुख अतिथि आरएएन स्कूल की प्रिंसिपल दिव्या भारद्वाज तथा मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य नगर

आयुक्त विशाल मिश्रा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। सक्षम कामरा आरएएन स्कूल का ही कक्षा सात का छात्र है। सक्षम कामरा ने बताया उसे शुरू से ही बैडमिंटन खेल के प्रति लगाव रहा है और निरंतर अभ्यास भी करता है। उसने बताया कि वह बैडमिंटन खेल की बारीकियों को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम के खेल प्रशिक्षक गोविंद परिहार व शरद जोशी से पूरी तरह से ध्यान लगाकर सीखता है। इससे पूर्व वह बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर खुद को निखारने की कोशिश करता रहा है। इसके लिए उसे अपनी माता बबीता कामरा व पिता संजीव कामरा के साथ ही सभी का हमेशा सहयोग तथा आर्शीवाद मिलता रहा है। उसने बताया वह भविष्य में बैडमिंटन खेल में अपने क्षेत्र, राज्य तथा देश का नाम रोशन कर परिवार को गौरवान्वित करना चाहता है। आरएएन स्कूल के प्रबंधक मोहित राय व प्रिंसीपल दिव्या भारद्वाज सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ सक्षम की माता बबीता कामरा,पिता संजीव कामरा व समस्त परिजनों ने उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।

सारथी फाउंडेशन ने मीठे पानी की छबील लगाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सारथी फाउंडेशन ने दिन सोमवार को शनि मन्दिर निकट छोटा गुरुनानक स्कूल पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का कार्य किया, श्री खाटू श्याम सेवा मण्डल की टीम का सहयोग भी सारथी फाउंडेशन को मिला,फाउंडेशन सदस्य अमित कुमार ने कहा कि सारथी फाउंडेशन विगत 3 वर्षों से मीठे पानी की छबील लगाती आ रही है जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिले, श्री खाटू श्याम सेवा मण्डल के अध्यक्ष श्री

राजीव चावला जी ने बताया कि सारथी फाउंडेशन लगातार समाज सेवा मे अपनी भागेदारी करता आ रहा है चाहे मीठे पानी की छबील हो चने वितरण लॉकडाउन मे पका हुआ खाना व राशन वितरण, पर्यावरण को लेकर भी काफी सक्रिय है जिसके लिए सारथी फाउंडेशन की पूरी टीम बधाई की पात्र है, सारथी फाउंडेशन ने हजारों लोगों को मीठा शरबत पिलाया। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष सचिन आनन्द, अमित कुमार, सुमित आनन्द, पार्षद रंजीत सिंह, आनन्द श्रीवास्तव, शालिनी शर्मा पांडे, अनीता मिश्रा, अलका अरोरा, सौरभ ग्रोवर,आशीष, ओम प्रकाश, किशोर निझारा, मन्ना, नितेश निझारा, सोनू, लीजा आनन्द, संदीप चौहान, पुष्कर चावला आदि उपस्थित थे।

निजी स्कूलों के खिलाफ धरने को दिया समर्थन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के अध्यक्ष अवतार सिंह बिष्ट, एनसी भट्ट, अनिल जोशी व किशोर पाठक ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ राज्य आंदोलनकारी गोपू महर, गोलू पाठक, भूपेश जोशी, एडवोकेट अनिल रौतेला ,करणी अधिकारी, विनीत पाठक द्वारा पिथौरागढ़ में गांधी प्रतिमा के समक्ष निजी स्कूलों के विरूद्ध किये जा रहे धरना

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। सरकार के आदेशों के खिलाफ प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से जबरन एडमिशन, मेंटेनेंस व मैट्रियल के नाम पर ली गई धनराशि वापस करने के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है जब तक अभिभावकों से ली गई फीस वापस नहीं की जाती तब तक धरना निरंतर चलता रहेगा। राज्य आंदोलनकारियों ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें लोगों से कोर्ट में याचिका के लिये सहयोग की अपील की गई है। राज्य आंदोलनकारियों का कहना है समाधान की स्थिति नहीं बनने पर पिथौरागढ़ के साथ-साथ पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया जाएगा।

अवैध कच्ची शराब के मामले में कुख्यात हो चुकी है हरगनिया कालोनी

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब व मादक पदार्थों की बिक्री के मामले में टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र की हरगनिया कॉलोनी पिछले कुछ समय से कुख्यात हो चुकी है। सूत्र बताते हैं कि इस कॉलोनी में शराब माफियाओं का महफूज डेरा है। कंचन नामक कच्ची शराब का माफिया कोयले के प्लेट फार्म, रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित मंदिर के आसपास तथा नजदीक की बस्तियों में पूरे दिन मंडराते देखा जाता है। जानकार बताते हैं कि टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में कच्ची शराब की खरीद-फरोख्त में कंचन इन दिनों एक नंबर पर है। छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी तथा कनकपुर व खाई खेड़ा आदि गांवों से आने वाली जहरीली कच्ची शराब की खेप को कंचन नामक माफिया टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र के कई महफूज अड्डों से खपत करवाने का काम कर रहा है। पता चला है कि टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित एक चाय की दुकान में भी वृद्ध महिला काफी समय से जहरीली कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त है। पूर्व में वह भी कई बार पकड़ी जा चुकी है। इसी तरह कोयले की प्लेटफार्म के बगल स्थित बस्ती में सुअरों के कारोबार से जुड़े कतिपय तत्व पिछले काफी समय से अवैध कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त बताए जा रहे हैं। ऐसे ही दढ़ियाल रेलवे क्रॉसिंग के पार अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने स्थित एक मीट विक्रेता शराब के गैरकानूनी धंधे में लिप्त बताया जा रहा है। इसी तरह इसी रेलवे क्रॉसिंग के समीप होटल की आड़ में सड़क किनारे शराब पिलाए जाने का काम किया जाता है।

हजारों की नगदी संग दो जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते दो जुआरियों को हजारों रुपए की नगदी समेत गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी

के नेतृत्व में का. दिलशाद अहमद व मुन्ना सिंह रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान दानिश के बगीचे में ईंट के ढेर के पीछे कुछ लोग जुआ खेलते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो जुआरियों को मौके पर दबोच लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता राजा पुत्र मो. अजीम निवासी उत्तर उजाता नाले के पास चौराहे पर वार्ड 29, बनभूलपुरा व मो. साकिब पुत्र मो. राशिद,निवासी नूरी मस्जिद इन्द्रानगर वार्ड 30 बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से ताश पत्ते एवम नगदी 2750 रुपये बरामद की। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सांसद भट्ट के विधानसभा क्षेत्र स्वास्थ्य प्रतिनिधि बने कमलेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री एवं लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने भाजपा नेता कमलेश जोशी को हल्द्वानी विधानसभा का स्वास्थ्य प्रतिनिधि नियुक्त किया है। दिल्ली स्थित कार्यालय से पत्र जारी कर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री भट्ट ने कमलेश जोशी को हल्द्वानी विधानसभा का स्वास्थ्य प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इधर सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य बनने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्री जोशी को शुभकामनाएं प्रेषित कर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का आभार जताया।

फरार तीन वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। वसूली वारंट तथा एन आई एक्ट के अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक एसएसपी के निर्देश पर एनबीडब्ल्यू तथा वांछितअभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में कोतवाली पुलिस ने वसूली वारंट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा रोड निवासी अजहर पुत्र खुर्शीद अहमद को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। इसी तरह एनआईएफटी के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे जीत कॉलोनी निवासी नासिर पुत्र अब्दुल हक व अल्ली खां निवासी मुकीम पुत्र जाकिर को गिरफ्तार कर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

गौताखोरों ने निकाला युवक का शव

बागेश्वर(उद संवाददाता)।बिलौना के समीप सरयू नदी में नहाने के दौरान दिल्ली निवासी युवक का शव नैनीताल से आए गौताखोरों ने नदी की गहराई से निकाल लिया है। वही लगभग 24 घण्टे की मशक्कत के बाद शव बरामद हो गया है।पुलिस की एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड के जवानों ने नदी में डूबे युवक को नदी में खोजने का लगातार प्रयास किया, पर नदी की तलहटी में चट्टान से फंस जाने से उसे नही निकाला जा सका था। वही नैनीताल से आए गौताखोरो ने नदी में गहराई में फंसे युवक को मृत अवस्था मे नदी से बाहर निकाला, जिसके बाद परिजनों और पुलिस की टीम ने राहत की सांस ली। वही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

काशीपुर। क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस ने मारिया स्कूल के पास से 30 पाउच कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। करवाई बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मारिया स्कूल के पास से हरगनिया कॉलोनी टांडा उज्जैन निवासी राजू पुत्र मनीराम को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद पकड़े गए शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

एनसीसी केडेटों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। एनसीसी 81 यूके बटालियन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण जवाहर नवोदय विद्यालय सिमार में प्रारंभ हो गया है। शिविर के दूसरे दिन ओपनिंग एड्रेस में कैडेटों को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी कर्नल वीके उप्रेती ने कहा कि एनसीसी का एक गौरवशाली

इतिहास है।एनसीसी से कैडटों में चरित्र, अनुशासन,साहचर्य ,व देश प्रेम की भावना का संचार होता है। कैंप के दौरान कैडेटों को ड्रिल ,वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग ,फील्ड एंड बैटल क्राफ्ट, नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास ,नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ,योगासन आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी, शिविर के दौरान छह कंपनियों में बटे कैडेटों को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता ,वाद विवाद प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता व अन्य प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी, शिविर में एनसीसी अधिकारी मेजर दीप चंद्र जोशी, सेकंड ऑफिसर चेतन बोरा, दिगपाल सिंह मेहता, सूबेदार मेजर विक्रम सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सोमइ, सूबेदार वी के शरन ,नायब सूबेदार लछम राम समेत समस्त जेसीओ, एनसीओ व लगभग 550 कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं।

गड्डे भरवाने में पेयजल निगम की लापरवाही से हो रहे हादसे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पेयजल निगम द्वारा पाईप लाईन डालने के लिए खोदे गये गड्ढे दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं साथ ही जगह जगह हो रही लीकेज से भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में वार्ड 19 उत्तरी खेड़ा निवासी रमेश वाल्मीकि ने पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में रमेश वाल्मीकि ने कहा है कि पेयजल निगम द्वारा वार्ड नं0 19 खेडा उत्तरी मे कुछ माह पूर्व पेयजल की पाइप लाईन बिछाई गई थी, जो कि लीकेज होने के कारण लीकेज को सही करने के लिए पुनः गड्ढे खोदकर लीकेज को सही किया गया था परन्तु खोदे गये गड्ढो को विभाग द्वारा आज तक भरा नही गया है जिस कारण गड्ढो से गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त जिन स्थानों पर लीकेज को सही किया गया था वहीं पर दूसरी जगह लीकेज हो रहा है और सडक पर पानी जमा हो रहा है जिससे आने जाने वालो को परेशानी हो रही है। उन्होंने जनहित में उक्त गडढों को अतिशीघ्र भरवाने के साथ साथ लीकेज को दुरूस्त करने की मांग भी की है।

दलजीत बने श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच के प्रदेश कोषाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष अतुल वर्मा ने रूद्रपुर के दुर्गा मंदिर गली निवासी दलजीत सिंह को संगठन का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष अतुल वर्मा ने दलजीत सिंह से मंच के साथ मिलकर संगठन के कार्यों को गति प्रदान करने की अपेक्षा की है। अपनी नियुक्ति पर दलजीत सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए संगठन के उद्देश्यों को पूरा करेंगे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में आकांक्षी जनपद के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही बरतने वाली एवं सही से कार्य न करने वाली आशाओं को सस्पैण्ड करने एवं सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जन्म के समय लिंगानुपात कम होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि लिंगानुपात में सुधार नहीं हुआ तो बारात ले जाने का सपना, सपना न रह जाये। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवार लिंगानुपात का डाटा उपलब्ध कराने तथा घट रहे लिंगानुपात वाले क्षेत्रों में विशेष तौर पर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रेग्नेन्ट महिलाओं की शतप्रतिशत संस्थागत डिलीवरी कराने, शतप्रतिशत एनएनसी रजिस्टर्ड कराने, शतप्रतिशत टीकाकरण कराने, प्रेग्नेंट महिलाओं का निमयानुसार हीमोग्लोबिन टेस्ट कराने के स्पष्ट निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित करते हुए विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के स्पष्ट निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने जनपद में ड्रिप तथा स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देने, अधिक से अधिक किसानों को पीएम फसल बीमा योजना से जोड़ने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने उच्च मूल्य के उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश कृषि तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने बाल विकास, अवस्थापन विकास तथा कौशल विकास आदि से सम्बन्धित विभागों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एस्पीरेशनल डिस्ट्रिक्ट के अन्तर्गत सभी इण्डीकेटर्स में शतप्रतिशत कार्य हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करते हुए प्रस्तुत की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, महाप्रबन्धक मण्डी निर्मला बिष्ट, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पन्त, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी विनीत तोमर ने संभाला कार्यभार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिले के नव नियुक्त जिलाधिकारी विनीत तोमर ने कलैक्ट्रेट पंहुचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। 2014 बैच की आईएएस अधिकारी विनीत तोमर ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक, जिलाधिकारी चंपावत, मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार, उपजिलाधिकारी लैंसडाउन व काशीपुर रह चुके हैं। कलैक्ट्रेट पंहुचने पर जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने नव नियुक्त जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कोषागार पंहुचकर उन्होंने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। वहां उन्होने कोषागार का गहनता से डबल लॉक, सिंगल लॉक, सीसीएल, डीसीएल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी मानसून के देखते हुये जनपद में आपदा की तैयारियों को लेकर की जल्द ही एक बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो जनपद में विकास कार्य गतिमान है उनमें गति लाने का प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के विकास के लिये नई कार्य योजना बनायी जायेगी जहां सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित मूलभूत सुविधाओं का प्राथमिकता में रखते हुये विकास किया जायेगा। उन्होने कलैक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि उनके पास कम से कम फाइलें लम्बित रहे इसका विशेष ध्यान रखें। दैनिक कार्यों के साथ जनता की छोटी सी छोटी समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया जाए उन्हें अनावश्यक यहां वहां न भटकना पडे इस पर भी ध्यान दिया जाए। फाइलों का निस्तारण समयबद्व व गुणवत्तापूर्ण हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह मर्तोलिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत जय किशन, उप जिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह, सल्ट गौरव पाण्डे, जिला विकास अधिकारी के0एन0 तिवारी, वैयक्तिक सहायक हरेश उपाध्याय व कलैक्ट्रेट के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम धामी ने किया जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का भव्य अभिनंदन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित श्री राम कथा में प्रतिभाग करते हुए कथा व्यास पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सोमवार को श्री राम कथा में प्रभाग करते हुए सीएम ने प्रख्यात वैश्विक संत एवं कथा व्यास पद्म विभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जगतगुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज जी के मुखारबिंद से कथा का वर्णन दार्शनिक एवं अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का पावन जीवन चरित्र समूची मानवता के लिए दिग्दर्शन है, प्रेरणा एवं प्रकाश है। स्वामी जी धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान के माध्यम से दीन दुखियों, दिव्यांगों एवं विद्यार्थियों की सेवा करने के साथ शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे, इसके लिए राज्य में समान नागरिक संहिता हमारे राज्य की जरूरत थी। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया, कमेटी द्वारा जून तक इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया जायेगा। इसके पश्चात राज्य में इसे लागू किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, मेयर श्री सुनील उनियाल गामा आदि उपस्थित थे।

बाहरी क्षेत्रों से आने वालों का हो शतप्रतिशत सत्यापनः डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त अतिक्रमण तथा बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के सम्बन्ध में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाहरी क्षत्रों से आने वाले व्यक्तियों का शतप्रतिशत सत्यापन किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत सत्यापन हेतु तेजी से अभियान चलाया जाए और इस कार्य हेतु पुलिस तथा राजस्व विभाग द्वारा आपसी तालमेल से कार्य किया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु नियमों का ठीक प्रकार से क्रियान्वयन हो, इसके लिए पुलिस उपाधीक्षकों की जिम्मेदारी फिक्स की जाये। उन्होंने जनपद में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सम्बन्धित विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि जनपद में अतिक्रमण से सम्बन्धित 452 कलस्टर चिन्हित है तथा 1744 अतिक्रमण अभी तक हटाए गए हैं और वन विभाग द्वारा 108 हैक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। बैठक में एसएसपी मन्जूनाथ टीसी ने बाहरी नागरिकों के भौतिक सत्यापन तथा अतिक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश चन्द्र काण्डपाल, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह आदि उपस्थित थे।

प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल का सिटी क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया स इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल जिला अध्यक्ष और पूर्व प्रधान राजेश कुमार महानगर अध्यक्ष रामप्रसाद और प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने जिला एवं महानगर पदाधिकारियों को विभिन्न पदों पर मनोनीत कर उन्हें मनोनयन पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, प्रदेश महासचिव कुंदन आर्य, महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग के प्रदेश महासचिव प्रशांत सिंह, पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, रविंद्र गुप्ता, डॉ सरोज, राजेश कुमार, नितिन कुमार, बृजलाल, विजय हरि, जमुना प्रसाद, देबू कोली, उमेश कुमार, डॉ सुमित राय सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा द्वारा किया गया।

झा कालेज की बाल विधानसभा के रचित बने मुख्यमंत्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में बाल विधानसभा का गठन किया गया। जिसमें रचित शर्मा ने सनी मौर्य को पराजित कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पूर्व विद्यालय की सभी कक्षाओं में कक्ष विधायक का चुनाव किया। जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। सभी कक्षाओं में चुनाव संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई गई। जिसमें नामांकन , नाम वापसी मतदान , मतगणना सहित चुनाव आचार संहिता लागू की गई। तत्पश्चात बाल विधानसभा के 18 सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेतु मतदान किया जिसमें रचित शर्मा मुख्यमंत्री, सनी मौर्य नेता प्रतिपक्ष, अयान उपमुख्यमंत्री तथा विष्णु सिंह राठौर को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। मतदाताओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मतदान में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर यतेंद्र सिंह यादव मुख्य चुनाव अधिकारी तथा श्रीमती इंदिरा ग्वासकोटी को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। सभी कक्षाओं के कक्षा अध्यापक- अध्यापिकायें पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया। जिन्होंने निष्पक्ष एवं सुचिता के साथ निर्वाचन को संपन्न कराया। निर्वाचन समाप्ति पर गवर्नर के रूप में उप प्रधानाचार्य राजपति विंद ने चुनाव परिणाम की घोषणा की। समस्त कार्यकारिणी एवं सभी सदस्यों को कल प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर गिरीश शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रिका प्रसाद यादव, कृपाल सिंह कंबोज, प्रमोद बाबू शर्मा, डीके शुक्ला, कमला पांडे ,भरत मिश्रा, पूजा बत्रा, सायरा खातून, नीलम यादव, विपिन गुप्ता, कुलदीप गहलोत, विनीता दुबे, मोहम्मद लुकमान सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

'पैनिक' ना करें बिल्कुल, दिक्कत होगी ना 'तनिक'

2000 के नोट वापिस लेने की घोषणा के बाद 22 घंटे छापे जा रहे 500 के नोट

-अर्श-

रूद्रपुर। तमाम अफवाहों एवं आशंकाओं के बीच भारतीय रिजर्व बैंक का मिशन 'क्लीन करेंसी' आज से आरंभ हो गया है, जिसके तहत देश के प्रत्येक सरकारी एवं निजी बैंक में 2000 के नोट 30 सितंबर तक बदले जा सकेंगे। यहां हम 'उत्तरांचल दर्पण' के पाठकों को बता दें कि यह कोई नोटबंदी नहीं है। यह आरबीआई द्वारा खराब नोटों को वापस लेने की एक सामान्य प्रक्रिया मात्र है और इसके चलते नागरिकों में कोई पैनिक ना फैले ,आरबीआई इसके हर संभव प्रयास कर रहा है । लिहाजा बैंकों के सामने लंबी लंबी लाइन लगने और नोट बदलने की मारामारी मचने की संभावना लगभग ना के बराबर ही है। हालांकि 2000 के नोटों को वापस लेने की घोषणा होने के बाद तमाम टीवी चौनलों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ,खासकर यूट्यूब के अनेक वीडियो में, आरबीआई के इस कदम को इस तरह प्रदर्शित किया गया जैसे अब भारत के सभी नागरिकों पर पिछली बार हुई नोटबंदी जैसी ही मुसीबतें टूटने वाली हैं । यूट्यूब के कुछ चैनलों द्वारा यह तक रेखांकित करने की कोशिश की गई कि 2000 के नोट बंद होने के बाद ,अब लोग 500 के नोट जमा करना आरंभ कर देंगे और 500 नोटों की भारी किल्लत हो जाएगी । यहां पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि 2000 के नोटों को चलन से बाहर करने का फैसला आरबीआई ने आनन-फानन में नहीं लिया है बल्कि पिछली नोटबंदी से सबक लेते हुए आरबीआई ने इस बार इसकी तैयारियां बकायदा साल भर पहले से ही आरंभ कर दी थी। इस प्रयोजन के मद्देनजर देवास मध्य प्रदेश स्थित बैंक नोट प्रेस में एक नई बैंक नोट छापने वाली मशीन स्थापित कर दी गई थी तथा देवास की बैंक नोट प्रेस में पहले की अपेक्षा सवा गुना अधिक नोट छपाई की क्षमता हासिल कर ली गई थी और नोट छपाई का काम चालू भी कर दिया गया था। इस नई मशीन से नोट छपाई का काम अत्यंत तेज गति से किया जाना संभव है। नई मशीन के पास ही पुरानी वाली भी लगी है ताकि मशीन खराब होने की स्थिति में भी छपाई का काम चलता रहे। 2000 के नोट चलन से बाहर करने की घोषणा के बाद आरबीआई ने इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि लोगों की बड़े नोट जमा करने की मानसिकता के चलते 500 के नोटों की बाजार में कोई किल्लत ना हो। इसके लिए आरबीआई ने युद्ध स्तर पर 500 के नोटों को छापने का कार्य आरंभ कर दिया है ।देवास (मध्य प्रदेश)स्थित बैंक नोट प्रेस की छपाई मशीन रोज 22 घंटे चल रही है और हर दिन 22 मिलियन अर्थात 2.2 करोड़ 500 के नोट छप रहे है । आरबीआई की कार्य गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुक्रवार को 2000 का नोट चलन से बाहर की घोषणा के बाद बैंक नोट प्रेस (बीएनपी) ने शनिवार को एक विशेष आदेश जारी कर कर्मचारियों का रविवार का अवकाश निरस्त कर दिया । इतना ही नहीं ,बीएनपी के कर्मचारियों से प्रतिदिन 22 घंटे काम लिया जा रहा है ।बीएनपी के दक्ष कर्मचारी 11-11 घंटे की 2 दो शिफ्ट में काम कर रहे हैं। अब से पहले यह अभी यह 9- 9 घंटे की शिफ्ट में काम करते थे। बैंक नोट प्रेस में 500 के नोटों के अलावा 200,100,50 एवं 20 के नोटों की छपाई भी होती है ,लेकिन अब छोटे नोटों की छपाई की मात्रा कम करके 500 के नोटों की अधिक छपाई की जाएगी ।वर्तमान में यहां 18 से 20 मिलियन नोट प्रति दिन छप रहे हैं लेकिन अब अब छपाई की मात्रा बढ़ाई जाएगी और प्रतिदिन केवल 500 के ही 22 से 30 मिलियन नोट छापे जाएंगे। बीएनपी में करीब 1100 कर्मचारी काम करते हैं। यहां मशीन से 44 रबर सिलेंडर भी प्रतिदिन बन रहे हैं। रबर सिलेंडर का उपयोग नोट छपाई के दौरान इंक को नोट तक व्यवस्थित पहुंचाने के लिए किया जाता है । उधर आरबीआई की तैयारियों को और धार देते हुए देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ,एसबीआई ने एक अधिसूचना जारी करके कहा है कि कोई भी व्यक्ति, देश भर में एसबीआई की किसी भी ब्रांच में, बिना किसी आईडी या एड्रेस प्रूफ के 2000 के नोट बदलवा सकता है ।उसे बैंक शाखा में कोई स्लिप भरने की जरूरत नहीं होगी। एसबीआई ने अपने अधिसूचना में विभिन्न अफवाहों को पर लगाम लगाते हुए आगे बताया है कि नोट बदलने का कोई भी चार्ज नहीं देना होगा और किसी भी शाखा में 2000 का नोट बदलवाया जा सकता है। एसबीआई ने आगे स्पष्ट किया है कि अगर आरबीआई की कोई गाइडलाइन नहीं आती तो 2000 के नोट 30 सितंबर के बाद भी लीगल टेंडर बने रहेंगे अर्थात इनकी मौद्रिक कीमत जस की तस बरकरार रहेगी

महाविद्यालय में मनाया इन्वायरमेंट डे पखवाड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वनस्पति विज्ञान परिषद तथा महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वाधान में 'इन्वायरमेंट डे' पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में न सिर्फ एनसीसी बल्कि बीएससी और एमएससी के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कैडेट्स और छात्रों ने ष्वर्ड इन्वायरमेंट डे के उपलक्ष मे शपथ ली और स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन डॉ. भारत पांडे ने किया। इस प्रतियोगीता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की प्रिया प्रथम स्थान पर, स्नातकोत्तर की प्रमिला द्वितीय स्थान पर और स्नातक की समीक्षा तृतीय स्थान पर रहे। विजयी प्रतिभागियों को आगामी 5 जून को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. भारत पांडे, डॉ. दीपक दुर्गापाल एवं डॉ. राघवेंद्र मिश्र को मुख्य अतिथि के रूप में आर्मंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन कप्तान डॉ. शलभ गुप्ता ने किया।

राज्यपाल ने किया राजभवन नैनीताल सचिवालय के पुनरोद्धार कार्यों का लोकार्पण

नैनीताल (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन नैनीताल सचिवालय के पुनरोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने राजभवन सचिवालय के कार्यालयों में किए गए नवीनीकरण कार्यों का अवलोकन किया। राजभवन सचिवालय में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए नवीनीकरण कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इस कार्य में शामिल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा की। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, सहायक अभियंता प्रवेश कुमार भी उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

करेंसी की जमाखोरी

दो हजार रुपए के नोट के बदले सोने-चांदी की खरीद पर कमीशनखोरी शुरू हो गई।दो हजार रुपए के नोट बंद करने की घोषणा के साथ ही कुछ लोगों में हड़बड़ी और चिंता नजर आने लगी। इसलिए कि लोगों के मन से अभी पिछली नोटबंदी की स्मृतियां मिटी नहीं थीं। तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। ऐसे वातावरण में अफवाहों का दौर भी चलता ही है, इसलिए नोट बदलवाने में आने वाली परेशानियों को बढ़ा-चढ़ कर पेश किया जाने लगा। दो हजार रुपए के नोट के बदले सोने-चांदी की खरीद पर कमीशनखोरी शुरू हो गई। दुकानदारों ने अलग-अलग दरें तय कर दीं। इन स्थितियों से निपटने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने स्पष्ट किया है कि लोगों को बिल्कुल हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है। बैंक नियमों के मुताबिक ही नोट बदले जा सकेंगे। अगर कोई पचास हजार रुपए से अधिक अपने खाते में जमा करा रहा है, तभी उससे पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे। नोटों की कोई कमी नहीं है, वक्त भी पर्याप्त है। यह स्पष्टीकरण नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले उन्होंने दिया। जाहिर है, इससे लोगों के मन में बैठी शंकाओं का निराकरण हुआ है और इससे ठगी करने वालों पर लगाम लगेगी। वैसे भी सामान्य लोगों के पास दो हजार के नोट कम ही होंगे, इसलिए कि पिछले काफी समय से मशीनों से दो हजार रुपए के नोट निकल ही नहीं रहे थे, बैंकों से भी कम ही नोट मिल पाते थे। बाजार में फुटकर की समस्या को देखते हुए बहुत सारे लोग दो हजार रुपए का नोट रखने से बचते थे। इसके बावजूद अगर कुछ लोगों ने बचत के उद्देश्य से दो हजार रुपए के नोट जमा कर रखे होंगे, तो वे इतने नहीं होंगे कि उन्हें बदलवाने के लिए कई बार कतार में लगना पड़े। मुश्किलें उन लोगों के सामने खड़ी हो सकती हैं, जिन्होंने काले धन के रूप में बड़ी मात्रा में नोट जमा कर रखे हैं। हालांकि शक्तिकांत दास का कहना है कि वे आश्वस्त हैं कि दो हजार के सारे नोट रिजर्व बैंक में वापस आ जाएंगे। हालांकि इस बात का उन्होंने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया कि इतने कम समय में नोट वापस लेने की जरूरत क्यों पड़ गई। शक्तिकांत दास का कहना है कि दो हजार रुपए के नोट इसलिए शुरू किए गए थे कि सात साल पहले की नोटबंदी के समय पैसे की किल्लत को दूर किया जा सके, वह जरूरत अब पूरी हो गई है। मगर यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि दो हजार रुपए के नोट आने के साथ ही उनकी जमाखोरी भी कालेधन के रूप में होनी शुरू हो गई थी। यही वजह है कि दो हजार रुपए के ज्यादातर नोट बाजार से नदारद हो गए। इसलिए रिजर्व बैंक ने भी शुरुआती तर्क यही दिया था कि दो हजार रुपए के नोट बंद करने से काले धन पर चोट पहुंचेगी। मगर बदलने के लिए इतना लंबा वक्त मिलने से कालेधन को सफेद करने में भला क्या मुश्किल होगी। पिछली बार जब तत्काल प्रभाव से नोट चलन से बाहर कर दिए गए थे, तब भी काले धन को सफेद करने में कोई मुश्किल नहीं आई थी, तो अब क्या मुश्किल होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने बेशक नोट बदलने में कोई दिक्कत न आने का भरोसा दिलाया है, पर सच्चाई यही है कि सामान्य लोगों और कारोबारियों के लिए यह काम उतना आसान है नहीं, क्योंकि बाजार में कई दुकानदारों ने दो हजार का नोट लेना बंद कर दिया है।

कर्मों के बंधन से मुक्ति

इस दुनिया में जीते हुए हम कई बार दुःखों का सामना करते हैं। ऐसे समय में हमें पिता-परमेश्वर का ख्याल आता है। हमारे अंदर कई प्रकार के विचार उत्पन्न होते हैं जैस कि हम प्रभु से अलग क्यों हो गए और पलक झपकते ही प्रभु हमें वापिस अपने घर क्यों नहीं ले जाते? लोग आश्चर्य करते

हैं कि प्रभु इतने शक्तिशाली हैं लेकिन फिर भी हम यहाँ इस भौतिक संसार में अपने रचयिता से दूर क्यों फंसे हुए हैं? जब सृष्टि की रचना हुई तब हम प्रभु की गोद में बैठे थे और वहाँ शांति और परम आनंद से भरा जीवन जी रहे थे। किंतु अब हम अपने लंबे सफर में इतनी दूर आ गए हैं कि हमारी इच्छाएँ हमें इस दुनिया में खींचकर ले आई हैं। यहाँ पर आकर हम अनगिनत परिस्थितियों में फंस गए हैं, जिनसे हम भाग नहीं सकते। कर्मों के बंधन में हम इतना जकड़ गए हैं कि उनके भुगतान के लिए या हमें बार-बार जन्म-मरण के चक्र में बार-बार आना पड़ रहा है। प्रभु दया के महासागर हैं। वे संतों को यहाँ भेजकर हमें वापिस अपने निजघर जाने का रास्ता दिखाते हैं। संत-सत्गुरु उन आत्माओं की पुकार सुनते हैं जो अपने घर वापिस लौटना चाहती हैं। जब पिता-परमेश्वर हमें संत-सत्गुरु की शरण में भेजते हैं तो हमें अपने निजघर लौटने का एक सुनहारा मौका मिलता है। असल में संत-सत्गुरु हमारे उद्धार के लिए ही आते हैं। वे स्वयं प्रभु में लीन होते हैं और वे हमारी आत्मा को भी प्रभु में लीन करा देते हैं। वे प्रभु की गोद का परमानंद छोड़कर इस संसार में आते हैं और हमारी आत्मा की हर प्रकार से सहायता, रक्षा और मार्गदर्शन करते हैं। हमारी आत्मा जो युगों-युगों से चौरासी के चक्र में फंसी हुई है, उसको कर्मों के बंधन से छुड़ाने का काम ऐसे ही महापुरुष करते हैं। वे हमारे सच्चे मित्र होते हैं जोकि जीवन के इस भंवर में हमको फंसते हुए नहीं देख सकते। जब एक संत-सत्गुरु इस धरती पर आते हैं तो उन्हे भी मानव शरीर धारण करना पड़ता है। जिस प्रकार एक बच्चा चलने के लिए कदम उठाता है तो वह अवश्य गिरता है लेकिन उसकी माँ प्यार से उसे उठाती है और उसे अपना दुलार देती है। इसी प्रकार एक संत-सत्गुरु भी हमारे हर दुःख में हमारी सहायता करते हैं। हम सब लोग अपने कर्मों के बंधन के कारण इस संसार में आते हैं किंतु संत-महापुरुष कर्मों के बंधन से मुक्त होते हैं। वे प्रभु का धाम छोड़कर हमारी मदद के लिए इस संसार में आते हैं और हमारी आत्मा को जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा दिला देते हैं। वे जानते हैं कि प्रभु का धाम दुःख, पीड़ा व मृत्यु से मुक्त है, इसलिए वे चाहते हैं कि हम सब भी प्रभु की मस्ती व सरशारी का अनुभव करें। इसके लिए वे हमारे कर्मों का लेखा-जोखा अपने हाथ में लेते हैं और हमारे पिछले जन्मों के संचित कर्मों का भुगतान कर देते हैं। सिर्फ प्रारब्ध कर्मों को वे छोड़ देते हैं क्योंकि उन पर हमारा जीवन आधारित होता है और जिनका भुगतान हमें अवश्य करना होता है लेकिन उसमें भी वे हमारी मदद करते हैं। वे अपनी दयामेहर से पहाड़ के समान बोझ को एक सुई के समान हल्का कर देते हैं। क्रियमान कर्मों के लिए वे हमें बताते हैं कि हम एक सदाचारी जीवन जियें और ऐसे कार्य करें जिनके द्वारा हम नेह कर्म की अवस्था में पहुँच जाएं। कई संतों को हमारी रक्षा के लिए शहादत देनी पड़ी है और कई संतों को फांसी भी दी गई है लेकिन फिर भी संत-जन हमारे कर्मों का बोझ अपने ऊपर लेकर उसे कम कर देते हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ हमें कर्मों के बंधन से मुक्त कराना होता है। यदि हमें अपने कर्मों का स्वयं भुगतान करना पड़े अथवा उन्हें कम करने के लिए कहा जाए, तब शायद हम अनंत जन्मों तक इससे छुटकारा नहीं पा सकेंगे। संत-सत्गुरु हमें हिदायत देते हैं कि हम एक सदाचारी जीवन व्यतीत करें तथा साथ ही साथ ध्यान-अभ्यास में नियमित रूप से समय देकर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करें ताकि हमारे दिन-प्रतिदिन के कर्म भस्म हो जाएं। हमारे सत्गुरु यही चाहते हैं कि हम नियमित तौर से सत्संगों में जाए और वहाँ पात्र बनकर बैठें। हम अपने जीवन में निष्काम सेवा के गुण को धारण करें। यही कुछ तथ्य हैं जिनके द्वारा हम इसी जीवन में वापिस अपने निजधाम सचखंड पहुँच सकते हैं। हम अपने सच्चे साथी सत्गुरु पर अपना अटूट विश्वास रखें और सत्गुरु की आज्ञा के अनुसार अपना जीवन बनाएं ताकि इसी जन्म में हम कर्मों के बंधन से मुक्त होकर हमेशा-हमेशा के लिए प्रभु के चरणों में लीन हो जायें।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

खनन कार्य कर रहे मजदूरों के सत्यापन की मांग

गरुड(उद संवाददाता)।गरुड़ गोमती नदी में खनन कार्य में लगे मजदूर बिना सत्यापन के खनन कार्य कर रहे हैं। खनन कार्य करने वाले मजदूरों को बिना सत्यापन कार्य करने से रोकने की ग्रामीण मांग करने लगे है। नदी किनारे खनन कार्य हेतु आए मजदूरों का ठेकेदार द्वारा रहे हैं खनन कार्यमें लगाए गए मजदूरों के सत्यापन के बाद ही कार्य कराए जाने की मांग की है। गरुड़ गोमती नदी में आजकल खनन के पट्टे आवंटित हुए हैं जिसमें हल्द्वानी, बरेली, किच्छा आदि जगह से मजदूर खनन कार्य के लिए आये हैं लेकिन एक हफ्ते से अधिक समय के बाद भी किसी भी ठेकेदार ने अपने मजदूरों के सत्यापन नही किये हैं जिससे ग्रामीण डरे हुए हैं । पूर्वक्षेत्र पंचायत सदस्य अणा कविता नेगी ने बताया की सौ से अधिक मजदूर खनन कार्य में लगे हैं लेकिन अभी तक सभी मजदूरों का सत्यापन नही हुआ, ग्रामीण महिलाएं अपने खेतों में घास आदि कार्यों के लिए जाते है अगर किसी के साथ कोई घटना हो गई तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी होगी, वही क्षेत्र में कभी भी कोई घटना होने पर यदि बिना सत्यापन वाले मजदूर कोई घटना को अंजाम देंगे तो जिम्मेदारी किसकी होगी, ग्रामीण नवीन सिंह कैलाश सिंह दिनेश नेगी आशा देवी रजनी देवी ने पुलिस प्रशाशन से बाहर से आये मजदूरों का सत्यापन करवाने की बात कही, वही दूसरी तरफ खनन कार्य में लगे मजदूरों के लिये शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण नाराज हैं। स्वच्छ भारत मिशन को आइना दिखाने का कार्य कर रहे हैं, ग्रामीणों ने जल्द इस समस्या को भी दूर करने की बात कही। थानाध्यक्ष कुंदन सिंह रौतेला ने बताया की सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है जल्द ही सभी मजदूरों का सत्यापन किया जायेगा।

श्रद्धालुओं के हाथ पकड़कर रास्ता पार करा रहे एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान

एसपी विशाखा ने केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं में नियुक्त 46 कार्मिकों को किया सम्मानित

रूद्रप्रयाग। नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स (एनडीआरएफ) के जवान केदारनाथ यात्रा में पूरे समर्पण के साथ बाबा केदार के भक्तों की सेवाएं कर रहे हैं। गौरीकुंड से केदारनाथ तक कुल 47 जवान बीते एक पखवाड़े से सेवाएं दे रहे हैं। केदारनाथ सहित पैदल मार्ग पर आए दिन हो रही बर्फबारी से पैदल मार्ग भैरव व कुबेर गदेरा हिमखंड जोन में अति संवेदनशील बना है। यहां पर तैनात इंस्पेक्टर अमीर चंद्र कोठियाल के नेतृत्व में एनडीआरएफ के सुरक्षा जवान श्रद्धालुओं के हाथ पकड़कर रास्ता पार करा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व पूर्व एक महिला अपने बच्चे को गोद में लेकर केदारनाथ दर्शन को पहुंची थी। भैरव गदेरा हिमखंड जोन में फिसलन के चलते बच्चे के साथ रास्ता पार करना आसान नहीं था। ऐसे में एनडीआरएफ के एक जवान ने नवजात को अपनी गोद में लेकर रास्ता पार करवाया। यह फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश द्राल ने बताया कि टीम की प्राथमिकता बाबा केदार के भक्तों को सुरक्षित यात्रा कराना है। क्षेत्र में खराब मौसम व मानइस तापमान में हमारे जवान निरंतर मुस्तैद हैं। डीएम मयूर दीक्षित का कहना है कि यात्रा में एनडीआरएफ के साथ एसडीआरएफ, पुलिस और डीडीआरएफ के जवान बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। यात्रा में ड्यूटी देने वाले सभी सुरक्षा कर्मियों को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे केदारनाथ में तैनात पुलिस जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए उनसे निरंतर संवाद कर रही है। साथ ही बीते 20 दिनों में वह स्वयं भी चार बार पैदल मार्ग से केदारनाथ पहुंच चुकी है। उन्होंने पैदल मार्ग से धाम में तैनात पुलिस जवानों को बारिश व बर्फ से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में रेनकोट भेजे हैं। उन्होंने सोनप्रयाग, गौरीकुंड, जंगलचट्टी, भीमबली, छोटी लिनचोली, बड़ी लिनचोली, छानी कैंप, रुद्रा प्वाइंट, बेस कैंप, हेलिपैड और केदारनाथ मंदिर में तैनात जवानों से स्वयं की सुरक्षा के साथ यात्रियों की सुरक्षा की अपील की है। इस बार की केदारनाथ धाम यात्रा में तैनात पुलिस बल, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ का एक नया ही रूप देखने को मिल रहा है। कुबेर गधेरा व भैरव गधेरे के पास आये ग्लेशियर को हटाने का कार्य स्थानीय प्रशासन व लोनिवि द्वारा कराया जा रहा है, परन्तु यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल व आपात स्थिति से तुरन्त प्रतिवादन करने हेतु नियुक्त एसडीआरएफ व एनडी आरएफ द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन के साथ मार्ग खोलने में भी गैंती, फावड़ा, बेलचा चलाकर मदद की जा रही है। यहां पर तैनात पुलिस बल का मानना है कि अत्यधिक ठण्ड के बीच इस तरह से शारीरिक श्रम करने से उनके स्तर से भी कुछ न कुछ योगदान अवश्य होना चाहिए। बाबा के दर पर पहुंच रहे श्रद्धालुओं की डगर आसान हो यही हमारी कामना है। काफी हद तक ग्लेशियर को साफ करते हुए मार्ग चलने योग्य बनाया जा चुका है। ऐसे ही सुन्दर तरीके से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले पुलिस के 06, एसडीआरएफ के 24 व एनडीआरएफ के 16 जवानों को पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा सम्मानित भी किया गया है। जनपद रुद्रप्रयाग में प्रचलित श्री केदारनाथ धाम यात्रा 2023 अवधि में चौकी श्री केदारनाथ व चौकी लैंचोली क्षेत्रान्तर्गत के बीच में कुबेर गधेरे के समीप आये ग्लेशियर के कारण पैदल यात्रा मार्ग बाधित हो गये था। जिस पर स्थानीय जिला प्रशासन, लो0नि0वि0 पुलिस, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के द्वारा मार्ग को खुलवाये जाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई गयी। इसके अतिरिक्त भैरव गधेरे के पास भी ग्लेशियर आने से यहां पर भी मार्ग खुलवाया गया तथा इन स्थानों पर आज की तिथि तक यात्रियों की सुरक्षित ढंग से आवाजाही सुनिश्चित करायी जा रही है। साथ ही यहां पर तैनात टीमों द्वारा उच्च स्तर पर प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों पर त्वरित प्रतिवादन देकर उच्च स्तर की कार्यक्षमता का परिचय देकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे द्वारा ऐसे कुल 46 कार्मिकों को सम्मानित किया गय है। इन कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं उचित नगद पुरस्कार प्रदान किया गया है, बहुत जल्द इनके प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार इनके तैनाती स्थल पर भिजवाकर वितरित किये जायेंगे। सम्मानित होने वाले कार्मिकों में 16 एनडीआरएफ के, 24 एसडीआरएफ के तथा चौकी केदारनाथ से 03 व चौकी लैंचोली से 03 कार्मिक हैं।

ईश्वर कृपा से जो भी मिला उसका सदुपयोग करें : हरि चैतन्यपुरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एवं सुप्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ ऊँचा पुल में भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने महापुरुषों, तीर्थों, शास्त्रों व परमात्मा के विभिन्न अवतारों से प्राप्त होने वाले शिक्षाओं, प्रेरणाओं उपदेशों को मात्र अपनी कमियों को छुपाने के लिए ढाल ही न बनाये बल्कि अपने जीवन में उतारकर कल्याणमय मार्ग पर आगे बढ़े। मानव जीवन की सार्थकता मात्र पशु तुल्य अपने तक ही सीमित रहने में नहीं अपितु किसी के काम आने में है। ईश्वर कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, सामर्थ्य प्राप्त आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। पाँच कर्म इन्द्रियां व पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इन दसों इंद्रियों को चाहे सांसारिक कर्तव्यों के पालन में लगाएं लेकिन एक मन को जो कि परमात्मा की ही अमानत है उसे उसके सिमरन भजन में लगाना चाहिए। संग का भी जीवन में सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। संग अच्छा करना चाहिए, भोजन भी सात्विक, संयमित, संतुलित ही ग्रहण करना चाहिए। थोड़ी सी विषमता होने पर घर परिवार व समाज में अशांति पैदा हो जाती है, लेकिन भगवान शंकर तो इतनी विविधताओं, विषमताओं यहाँ तक कि एक दूसरे के स्वभाविक शत्रुओं को समेट कर बैठे हैं। इन विविधताओं व विषमताओं के

बावजूद उनके परिवार में आपसी प्रेम और सदभाव बरकरार रहता है। उन्होंने कहा कि इतनी समर्थय व शक्ति होते हुए भी उसका दुरपयोग नहीं करते अपने मस्तिष्क को ठंडा रखते हैं। भगवान शंकर सिर पर गंगा व चंद्रमा धारण किये हुए हैं जो शीतलता के प्रतीक हैं। शिव राम का नाम जपते हैं राम शिव का नाम जपते हैं। कितनी महानता लेकिन फिर भी निरभिमानता। दूसरों को सम्मान देना यह सब भी तो सीखो, तभी तो बनेंगे शिव के सच्चे भक्त। उन्होंने कहा कि राम का भक्त यदि माँ बाप का निरादर करें, उनकी आज्ञापालन न करें, संत, गुरु व ब्राह्मण का निरादर करे। भाई भाई से लड़े, कर्तव्य व मर्यादा का पालन न करें मात्र अधिकार के लिए ही लड़ता रहे, अधर्म का साथ दे, लोगों से घृणा करें, अभिमान में ही अकड़ा फिरे तो कैसा राम भक्त है? विचार करें। अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि संत रूपी बादलों द्वारा जो सत्संग रुपी वर्षा होती है उसमें अपने मन की कलुषता व विकारों को धोकर मन को पावन बनाना है।महाराज जी के दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। तथा सभी मंत्र मुग्ध हो गये व "हरि बोल" की धुन में झूम उठे। आज हल्द्वानी में ही अनेक स्थानों पर भक्तों ने श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया। सुन्दर काण्ड पाठ का भी आयोजन किया गया व श्री महाराज जी का अग्रिम पावन जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया।

चार थानों की गठित टीम ने चलाया सत्यापन अभियान

अनियमित्ता मिलने पर 32 चालान कर संयोजन शुल्क वसूला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देशन में शहर के मुखानी क्षेत्र में 4 थानों की एक टीम गठित कर बाहरी व्यक्तियों व संदिग्धों के संबंध में सत्यापन अभियान चलाया गया और इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। हरबंस सिंह, एसपी सिटी के निर्देशन में सर्वप्रथम समस्त पुलिस टीम की ब्रीफिंग की गई। तथा भूपेंद्र सिंह धोनी सीओ के पर्यवेक्षण में शहर के थाना मुखानी क्षेत्र में थाना हल्द्वानी, काठगोदाम, मुखानी तथा बनभूलपुरा के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल द्वारा सुयंक्त टीम गठित कर बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत अनियमितता पाए जाने पर 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कुल 32 चालान कर संयोजन शुल्क 8000 रुपए वसूल किया गया। 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कुल 11 चालान कर संयोजन शुल्क 55000 रुपए वसूल

किया गया। 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कोर्ट के 10-10 हजार रुपए के कुल 14 चालान किए गए। सत्यापन अभियान में हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी कोतवाली, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, रमेश बोरा, थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में थानो के पुलिस बल द्वारा सत्यापन की कार्यवाही की गई।

किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराने पर काटे 18लोगों के चालान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सरकार के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाये जा रहे सत्यापन अभियान के तहत कोतवाली रुद्रपुर ने भी सत्यापन अभियान जोर शोर से शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पुलिस टीम ने रम्पुरा, बाजार क्षेत्र, बगवाड़ा आदि क्षेत्रों में बाहरी लोगों का सत्यापन किया। इस दौरान पुलिस ने एक दर्जन से

अधिक का पुलिस एक्ट के तहत चालान किया। अभियान में कुल 271 का सत्यापन किया गया। धारा 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कुल चालान 10 कर संयोजन धनराशि 3000 तथा किरायेदारों का सत्यापन न करने पर 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान 18 मकान मालिकों का चालान किया गया। कोतवाल विक्रम राठौर ने कहा कि सत्यापन अभियान आगे भी जारी रहेगा। जो भी मकान मालिक किरायेदारों का सत्यापन नहीं करायेंगे उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जायगी।

शहीदी पूरब पर गुरमति समागम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरू अर्जुन देव जी के शहीदी पूरब पर आज गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा, गोल मार्केट में गुरमति समागम का आयोजन किया गया। जिसमें ढाड़ी जत्था, कीर्तनी जत्था, कथावाचक व कविशरों ने सभी संगत से श्री गुरू अर्जुन देव जी महाराज के बताये आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। गुरूद्वारा के समक्ष छबील लगाकर मीठे जल का वितरण भी किया गया। गुरूद्वारा परिसर में आज प्रात: से आयोजित गुरमति समागम में ढाड़ी जत्था भाई बलकार सिंह जी बाज, पंजाब वाले,

भाई हरजीत सिंह जी गुरूद्वारा मीरीपीरी, नवाबगंज वाले, ज्ञानी दर्शन सिंह कथावाचक हजूरी हैड ग्रंथी, भाई गुरजीत सिंह जी हजूरी कीर्तनी जत्था व भाई मरदाना संगीत एकेडमी गुरूद्वारा गोल मार्केट द्वारा गुरू की महिमा का गुणगान किया गया। जिसके पश्चात गुरू का अटूट लंगर भी बरताया गया। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह, मीत प्रधान सतनाम सिंह, मीत सेकेट्री पलविन्दर सिंह, कैशियर ज्ञानी जी, प्रीतम सिंह चावला, जोगेन्दर सिंह, दलीप सिंह, इन्दरजीत सिंह, रक्षपाल सिंह हैप्पी, सरनजीत सिंह, गुरमीत सिंह, रणजीत सिंह, तजिन्दर सिंह लाटू, राम सिंह बेदी, किशनपाल सिंह, स्त्री सत्संग सभा की प्रधान प्रभजोत कौर सहित भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

कबीर जयंती पर चार गरीब कन्याओं का होगा विवाह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।आगामी 4 जून कबीर जयंती की तैयारियों को लेकर एक बैठक कोतवाली के सामने संतकबीर द्वार के पास अरसरेजित की गसी। जिसमें रम्पुरा दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली ने बताया कि 4 जून को कबीर दास जी की जयंती के उपलक्ष में कमेटी ने तय किया है कि रम्पुरा गरीब परिवार की 4 पुत्रियों का विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कार्यक्रम की रूपरेखा

तैयार की एवं कहा कि इस बार संत कबीर दास जी की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान नत्थू लाल कोली, सियाराम कोली, शैलेंद्र कोली,पृथ्वीराज कोली, कालूराम कोली, लाला चंद्रपाल कोली, आशु त्रिवेदी, अशोक कुमार, सूरजपाल कोली, जागन लाल कोली, अमर कोली, टीटू कोली, आकाश कोली, राजपाल कोली, अजय कोली, शंकर कोली, राजू कोली, हरिराम कोली, दीपक सागर, ओम प्रकाश कोली, हरिदत्त कोली आदि लोग उपस्थित थे।

पेज एक का शेष...

हादसे में स्कूल..पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ही ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा करते हुए अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनके गांव में रोजाना अवैध खनन हो रहा है। जिसके चलते ट्रैक्टर ट्रॉली डंपर जैसे बड़े वाहन गांव से होकर गुजरते हैं कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होती। कार्रवाई ना होने के कारण ही आज इतना बड़ा हादसा हो गया है।लक्सर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर ट्रॉली कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

केदारनाथ धाम पहुंचे...रुड़की जाएंगे। केदारनाथ यात्रा ने बीते वर्ष की भाँति इस बार भी रफ्तार पकड़ ली है। कपाट खुलने के बाद से 27 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या साढ़े चार लाख पहुंची। कपाट खुलने के बाद शुरुआती 20 दिनों तक बारिश, बर्फबारी के बीच भी बाबा केदार के भक्तों का उत्साह अपने चरम पर रहा। मौसम और भौगोलिक परिवेश की दुश्वारियों के बीच यात्रा नए आयाम स्थापित कर रही है। बीते एक सप्ताह से दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिदिन 18 हजार से अधिक हो रही है। इधर, डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि तीर्थ यात्रियों का उचित स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया जा रहा है।

ट्रायल के लिये...रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने बताया कि दो मंच तैयार होने के बाद दोनों प्लेटफॉर्म पर गाड़ियों की आवाजाही रोक दी जाएगी। प्लेटफॉर्म नंबर एक से वंदे भारत ट्रेन को दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। गाड़ी कब देहरादून पहुंचेगी, ट्रेन का संचालन, समय, टिकट और स्टोपेज को लेकर अभी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। एक-दो दिन में रेलवे की ओर से यह अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

कंपनी का लाखों...का माल गाडी संख्या यूके 06.सीए 7463 में लोड कर उत्तम कुमार 20 मई को सुबह निकला था। जब पैक्सटोन कम्पनी के लिये भेजा गया उक्त माल उत्तम कुमार द्वारा नहीं पहुँचाया गया तो उत्तम कुमार के मोबाईल पर फोन कर सम्पर्क करना चाहा तो उसका मोबाईल स्विच आफ बताने लगा। उत्तम कुमार व उक्त गाड़ी जिसमे कम्पनी से माल लोडकर लेकर गया था दोनों की काफी खोजबीन की तथा उत्तम कुमार के घर एवं जानने वालो से सम्पर्क किया किन्तु उत्तम कुमार एवं उक्त गाडी का कहीं पता नहीं चल पाया है। राकेश का कहना है उसे आशंका है कि ट्रक ड्राईवर कम्पनी से उक्त माल भरकर गबन करने की बदनीयती से लेकर चला गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगदी समेत दो...शशी कला पत्नी चिरन्जीवी पाण्डे निवासी दूधिया नगर कैनाल कालौनी 19 मई को रोज की तरह अपने कार्य पर सुबह 10 बजे चली गई थी। दोपहर पडोसी से उसे फोन पर चोरी की सूचना मिली । घर पहुचने पर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर पर रखे 25 हजार रूपये और एक गुल्लक जिसमे लगभग पाँच सौ रूपये डाले गये थे घर से गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया । पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर तेजपाल पुत्र लाल सिंह निवासी लालपुर आइडिया कालोनी व अजय कश्यप पुत्र संजय कश्यप निवासी दूधिया नगर कैनाल कालोनी को चोरी के 35799 रूपये सहित गिरफ्तार कर लिया।

ट्रांजिट कैंप खेल मैदान में मेला न लगाने को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लाल बहादुर शास्त्री यंग क्लब समिति ने आज पार्षद मोनू निषाद के नेतृत्व में एस डी एम से मुलाकात कर उनसे ट्रांजिट कैंप के खेल मैदान में कोई भी मेला लगाने की अनुमति न देने का आग्रह करते हुए ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि क्षेत्र में यही एक ऐसा मैदान है जहां बच्चे तथा युवा रोजाना सुबह शाम

खेलते हैं। वहीं वृद्धजन टहलने के लिटेआते हैं। उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती की तैयारी के लिए अभ्यर्थी यहां अभ्यास करते हैं। कुछ लोग इस मैदान पर मेला लगाने की तैयारी कर रहे हैं जिसे जनहित में नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि इससे क्षेत्रीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए मेला लगाने की अनुमति न सी जाए। ज्ञापन देने वालों में राहुल सिंह, सत्यम सिंह, राजेश, संजीव विश्वास, विक्रम, शिवा सिंह, सागर सिंह, आशीष सरकार, शंकर विश्वास व कोमल सिंह आदि शामिल थे।

जमील खान के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामिया लेक सिटी के स्वामी जमील खान के विरूद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी कर दिया गया है। रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या ने बताया कि सात लोगों ने सामिया बिल्डर्स पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने डायरेक्टर सगीर अहमद को गिरफ्तार कर लिया था। सगीर खान से पूछताछ के बाद प्रकाश में आए पुलभट्टा निवासी तसलीम अहमद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि सामिया लेक सिटी का स्वामी जमील अहमद खान फरार हो गया था। तब से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। उसे पकड़ने के लिए दिल्ली समेत कई स्थानों पर पुलिस ने दबिश भी दी थी। साथ ही 20 मई तक बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस भी दिया था। बावजूद इसके वह पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने जमील खान के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू की कार्रवाई के लिए न्यायालय में आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि सामिया बिल्डर्स जमील अहमद खान के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू मिल गया है।

अनियंत्रित होकर पलटा आर्मी का ट्रक, एक जवान की मौत, दूसरा घायल

ऋषिकेश। ऋषिकेश-चंबा-धरासू हाइवे पर सोमवार को बेमर के पास सेना का ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से 20 मीटर नीचे पलट गया। जिससे ट्रक चालक जवान की मौत हो गई और सहायक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। नरेंद्रनगर थानाध्यक्ष नदीम अख्तर ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। सेना का ट्रक रुड़की से चावल लेकर उत्तरकाशी हर्षिल जा रहा था। इस दौरान बेमर के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गया। जिससे चालक असलम (36) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल सहायक चालक सर्वर आजम (45) को पीएचसी फकोट में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मृतक जवान 5009 एएससी यूनिट जोशीमठ में तैनात था। वहीं घायल जवान 22 जीडीआर जोशीमठ यूनिट में तैनात है। उन्होंने बताया कि अभी घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। सेना की यूनिट को सूचना भेज दी गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

GABA HOUSING PVT. LTD.

RERA APPROVED PROJECT

UKREP05230000497

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

125 YARD
DUPLEX VILLA
₹ 46 L

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर,

86504-18000